# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल छपरा 2

पत्रांक 1350 छपरा/दिनांक 22/07/2021

सेवा में,

श्री अवनीश कुमार शाही,
ग्राम + पो0 – देवपुरा,
थाना – रसुलपुर, जिला – सारण।

विषयः– मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनान्तर्गत साधुमोड़ से एकमा मशरख लगुनी गाँव तक पथ का अनुरक्षण कार्य नहीं कराये जाने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक 1087 दिनांक 15.06.2021.

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना हैं कि आपके द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (S.C. मद) अन्तर्गत साधुमोड़ से एकमा मशरख लगुनी गाँव तक पथ का निर्माण कार्य (पंचवर्षीय अनुरक्षण सहीत) का एकरारनामा किया गया है, जिसका एकरारनामा संख्या 33 SBD/2016-17 दिनांक 03.04.2017 है। उक्त पथ के वास्तविक कार्य पूर्णता की तिथि 18.01.2018 है। यह पथ वर्त्तमान में तृतीय वर्ष के अनुरक्षण अवधि में है, इस पथ में आपके द्वारा द्वितीय एवं तृतीय वर्ष का अनुरक्षण कार्य नहीं कराया जा रहा है। जिस कारण पथ की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है एवं आम ग्राभीणों को आवागमन में काफी कठीनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पथ का निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 20.07.2021 को किया गया है एवं निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया की पथ की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुयी है।

अतः आपको स्मारित करते हुए निदेश दिया जाता हैं कि आप पत्र प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर इस पथ का अनुरक्षण कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। यदि आपके द्वारा इस पथ का अनुरक्षण कार्य करने में किसी प्रकार की लापरवाही बरती जाती हैं तो एस0बी0डी0 की सुसंगत कंडिकाओं के तहत आपके विरूद्ध कार्रवाई कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेवार होंगें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन

22/7/21

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, छपरा 2.

ज्ञापांक छपरा/दिनांक

प्रतिलिपि – सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल, एकमा एवं कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमंडल, प्रशाखा – एकमा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु समर्पित। आपको निदेश दिया जाता हैं कि संवेदक से संपर्क स्थापित कर पथ का अनुरक्षण कार्य कराना सुनिश्चित करें यदि संवेदक द्वारा पथ का अनुरक्षण कार्य करने में किसी प्रकार की लापरवाही बरती जाती हैं तो इसकी सूचना अविलंब अधोहस्ताक्षरी को दें ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सकें।

22/7/21

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, छपरा 2.

Scanned with CamScanner